संजौली महाविद्यालय के स्वयंसेवी प्रभातफेरियों से कर रहे जागरूक

सिटी रिपोर्टर-शिमला

हर साल युवा एवं खेल मामले मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया अभियान चलाया जाता है। हालांकि अभी भी कोरोना वायरस काफी फैला हुआ है, लेकिन फिर भी मंत्रालय इस रीत को तोड़ना नहीं चाहता। इस साल भी यह अभियान 1 से 6 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रभात फेरियां निकाली जा रही है। संजौली महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी भी फिट इंडिया अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और प्रभात फेरियां निकाल रहे हैं। आपको बता दें कि एनएसएस संजौली महाविद्यालय के अधिकांश स्वयंसेवी इन दिनों करोना काल में और कालेज बंद होने के कारण अपने गांव में हैं। स्वयंसेवियों अपने गांव के 4-5 बच्चों को अपने साथ लेकर मास्क के उपयोग और सामाजिक दूरी को ध्यान में रखकर प्रभात फेरियां निकाल रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्रभान मेहता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा और डा. विकास नाथन ने एनएसएस स्वयंसेवियों के कार्य की प्रशंसा की। इकाई अध्यक्ष भगत सिंह ठाकुर ने फिट इंडिया अभियान की जानकारी प्रेषित करते हुए स्वयंसेवियों को प्रभात फेरी के दौरान मास्क के उपयोग और सामाजिक दूरी बनाए रखने का आव्हान किया। इकाई सचिव राहुल देव प्रेमी ने बताया कि स्वयंसेवियों द्वारा फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी की फोटो और वीडियो को एनएसएस संजौली महाविद्यालय इकाई के फेसबुक पेज पर अपलोड किया जा रहा है, ताकि लोगों को भी फिट इंडिया अभियान से जोड़ा जा सके और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।

13:16 4G VO LTE 85

← **NSS RD Chandigarh**
708 Tweets
Following

State NSS Cell - Chandigarh and 2 others

3 5

NSS RD Chandigarh @NSSRDC... · 2h
#Not_ME_But_YOU
#FitHaiTohHitHai
#NSSvolunteers of Centre of Excellence Govt. College Sanjauli for #PrabhatPheri activity in their respective homes at district #Shimla during increasing COVID19 cases in pandemic
#DecemberFitOthon2020
@_NSSIndia @YASMinistry @KirenRijiju @PMOIndia

NSS RD Chandigarh and 3 others

2 2

NSS RD Chandigarh Retweeted
YAS Ministry @YASMinistry · Dec 4
YAS Minister Shri @KirenRijiju to address

7

संजौली कालेज की एन.एस.एस. इकाई फिट इंडिया अभियान के तहत निकालेगी प्रभात फेरी

शिमला, 4 दिसम्बर (ब्यूरो): युवा एवं खेल मामले मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया अभियान चलाया जा रहा है। 1 से 6 दिसम्बर तक चल रहे अभियान में संजौली महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवी भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और प्रभात फेरियां निकाल रहे हैं। एन.एस.एस. संजौली महाविद्यालय के अधिकांश स्वयंसेवी इन दिनों कोरोना काल में और कालेज बंद होने के कारण अपने गांव में हैं। स्वयंसेवी अपने गांव के 4 से 5 बच्चों को अपने साथ लेकर मास्क के उपयोग और सामाजिक दूरी को ध्यान में रखकर प्रभात फेरियां निकाल रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्रभान मेहता, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा और डा. विकास नाथन ने एन.एस.एस. स्वयंसेवियों के कार्य की प्रशंसा की। इकाई अध्यक्ष भगत सिंह ठाकुर ने फिट इंडिया अभियान में स्वयंसेवियों से प्रभात फेरी के दौरान मास्क के उपयोग और सामाजिक दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। इकाई सचिव राहुल देव प्रेमी ने बताया कि स्वयंसेवियों द्वारा फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी की फोटो और वीडियो को एन.एस.एस. इकाई के फेसबुक पेज पर अपलोड किया जा रहा है, ताकि लोगों को भी फिट इंडिया अभियान से जोड़ा जा सके और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat,05
Edition: